28/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के चराइदेव मैदान को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि इन स्थलों की सूची में भारत का 43वां स्थल होगा और यह पूर्वोत्तर का पहला सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थल होगा। मादक पदार्थों की समस्या की चुनौती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मानस नामक एक विशेष पहल की है, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक कदम है। मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल हाल ही में लॉन्च किया गया था और एक टोल-फ्री नंबर-1933- जारी किया गया है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 15 अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को 'hargarhtiranga.com' पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस से पहले MyGov या NaMo ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

0000000000000000000000

पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल श्रेणी में कांस्य पदक जीता और ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। इससे पहले आज बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने अपना पहला ग्रुप स्टेज मैच जीता।

उन्होंने मालदीव के एफएन अब्दुल रज्जाक को 21-9, 21-6 से हराया। वहीं बलराज पंवार ने पुरुष सिंगल स्कल रोइंग में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। निशानेबाज रमिता जिंदल ने 10 मीटर महिला एयर राइफल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टेबल टेनिस महिला एकल में, श्रीजा अकुला ने स्वीडन की क्रिस्टीना कालबर्ग को हराया और 32वें राउंड में प्रवेश किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार रात पूल-बी के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-2 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। बैडमिंटन पुरुष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने अपने पहले ग्रुप स्टेज मैच में आसान जीत दर्ज की।

0000000000000000000000

वायरल हेपेटाइटिस और वैश्विक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर में हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। शेष दुनिया के साथ, आज राजभवन डिस्पेंसरी में जिला स्वास्थ्य सोसायटी, ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से 'one life, one liver', के थीम के साथ विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया।

जिसका उद्देश्य वायरल हेपेटाइटिस और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना था। राजभवन के कर्मचारियों और आईटीबीपी कर्मियों सहित ईटानगर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और उन्हें विभिन्न प्रकार के हेपेटाइटिस और रोकथाम एवं उपचार विकल्पों के बारे में सलाह दी गई।

इधर ईस्ट सियांग जिले में सामान्य प्रशासन और जिला स्वास्थ्य सोसायटी ने संयुक्त रूप से शनिवार को न्यायिक जेल, पासीघाट में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया। जेल में कैदियों को अपनी जीवनशैली में सुधार करने के साथ ही स्वस्थ जीवन जीने की सलाह दी गई। कैदियों को हेपेटाइटिस के लक्षण और रोकथाम के बारे में शिक्षित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में 55 जेल कैदियों की स्क्रीनिंग के साथ सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां की गईं।

0000000000000000000000

सिंकी व्यू, ईटानगर में तैनात 138 बटालियन सीआरपीएफ ने कल अपने शिविर में छियासीवां सीआरपीएफ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और सीआरपीएफ जवानों ने शहीद स्मारक पर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्सव के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, सेकेंड-इन-कमांड सुखवीर सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ की उत्पत्ति क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस से हुई है, जिसे बाद में उन्नीस सौ उनचास में संसद के एक अधिनियम द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के रूप में नामित किया गया था और पच्चासी वर्षों में, सीआरपीएफ ने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए असंख्य कर्तव्य निभाए हैं।

0000000000000000000000

तवांग जिले की मिस थुप्टेन ल्हामू को शनिवार को ईटानगर के डीके कन्वेंशन हॉल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में पहली मिस यूनिवर्स अरुणाचल -2024 का ताज पहनाया गया।

लोअर सुबनसिरी जिले की मिस दान्यी रीला ने फर्स्ट रनर अप और अपर सुबनसिरी जिले की मिस जियांङ रामचिंग को सेकेंड रनर अप मिस यूनिवर्स अरुणाचल -2024 चुना गया। पहली मिस यूनिवर्स अरुणाचल-2024 सौंदर्य प्रतियोगिता में राज्य भर के विभिन्न जिलों से कुल 25 प्रतियोगियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

इस महीने की 25 तारीख को क्रा दादी जिले के चांबांग से तीन तेंदुए के शावकों को बचाया गया है और उन्हें पाक्के टाइगर रिजर्व में सीबीआरसी bear centre में रखा गया है। पाक्के टाइगर रिजर्व अथॉरिटी ने सोशल मीडीया में एक वीडियो साझा किया और कहा कि शावक बहुत छोटे हैं और जब वे केंद्र में लाए गए थे तो कमजोर स्थिति में थे पर शावक अब स्वस्थ हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में तेंदुओं को वापस जंगल में छोड़ दिया जाएगा

0000000000000000000000